# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891


विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी० / 06 / 26 – 57 ,राँची / दिनांक: 12 / 08 / 2026

## झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए) – 2026 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) से संबंधित आवश्यक सूचना

पर्षद द्वारा दिनांक–26.07.2026 (रविवार) को आयोजित झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए) –2026 में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल, पर्षदीय वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result Column" पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए अपना परीक्षाफल (Result) दिनांक–14.08.2026 से अधःभारित (Download) किया जा सकता है।

परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षदीय वेबसाईट पर दिनांक–27.07.2026 को जारी करते हुए दिनांक–29.07.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक परीक्षार्थियों से आपत्तियाँ आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त आपत्तियों के विरूद्ध विषय विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम / संशोधित उत्तर कुंजियाँ ( Final/Revised Answer Keys) पर्षदीय वेबसाईट पर भारित (upload) कर दिये गये है। उक्त के हीं आधार पर परीक्षाफल को तैयार किया गया है।

उक्त परीक्षाफल के आधार पर पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली साक्षात्कार से संबंधित विज्ञापन शीघ्र हीं जारी की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

12/08/26

(विशेष कार्य पदाधिकारी)